**दिनांक : 22/05/2226** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार:-

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आज होगा इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस प्री-समिट इवेंट का शुभारंभ।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से वार्ता करेंगे।
- अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा -अमरीका भारत की आवश्यकता के अनुसार ऊर्जा बेचने को तैयार।
- प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में। लू के थपेड़ो से लोग परेशान।

अब समाचार विस्तार सेः-

इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस प्री-समिट इवेंट-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आज अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस प्री-समिट इवेंट का शुभारंभ होगा। भारतीय वन प्रबंधन संस्थान ऑडिटोरियम, भोपाल में होने वाले इस प्री-समिट इवेन्ट में केंद्रीय पर्यावरण और वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह और वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, मध्यप्रदेश शासन, इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस तथा भारतीय वन प्रबंधन संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में जैव विविधता संरक्षण, वन्यजीव संवर्धन तथा विशेष रूप से बिग कैट संरक्षण के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

प्रधानमंत्री - साइप्रस के राष्ट्रपति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से वर्ता करेंगे। श्री क्रिस्टोडौलाइड्स कल नई दिल्ली पहुंचे। यह उनकी पहली भारत यात्रा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टमटा ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। पेश है

ब्रिक्स युवा उद्यमिता कार्य समूह

इंदौर में आयोजित दो दिवसीय ब्रिक्स युवा उद्यमिता कार्य समूह की बैठक में संरचित संवाद, अनुभव साझाकरण और सहयोगात्मक आदान-प्रदान किया गया। इसमें ब्रिक्स सदस्य देशों के प्रतिनिधि, युवा उद्यमी और नीति विशेषज्ञ शामिल हुए। दूसरे दिन का सत्र क्रिस्टल आईटी पार्क में आयोजित हुआ। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया।

मार्को रुबियो- भारत ऊर्जा

अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि अमरीका भारत की आवश्यकता के अनुसार ऊर्जा बेचने को तैयार है। उन्होंने यह बात होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के कारण भारत में ऊर्जा की बढ़ती कीमतों से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में कही। विदेश मंत्री ने स्वीडन और भारत की यात्रा पर रवाना होने के दौरान पत्रकारों से बातचीत ने यह बात कही। उन्होंने भारत को एक महान साझेदार बताते हुए कहा कि इस यात्रा के दौरान उन्हें क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों से मिलने का अवसर मिलेगा।

श्री रुबियो 23 से 26 मई तक भारत में रहेंगे। इस दौरान वे कोलकाता, आगरा, जयपुर और नई दिल्ली का दौरा करेंगे। 26 मई को क्वाड की बैठक में श्री रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री मोतेगी तोशिमित्सु के भाग लेने की संभावना है। बैठक की अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर करेंगे।

पुलवामा मास्टरमाइंड ढेर

2019 के पुलवामा आतंकी हमले में 40 से अधिक सीआरपीफ जवान शहीद हुए थे। इस हमले का मुख्य साजिशकर्ता माना जा रहा हमजा बुरहान कल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर-पीओके में अज्ञात बंदूकधारियों की गोलीबारी में मारा गया। जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी घटनाओं में संलिप्तता के कारण भारत ने अप्रैल 2022 में आतंकवादी घोषित किया था।

रेलवे - अलर्ट

रेलवे के बुनियादी ढांचे और ट्रेन संचालन को निशाना बनाकर हाल ही में हुई घटनाओं के बीच रेल मंत्रालय ने यात्रियों से यात्रा के दौरान सतर्क रहने और रेलवे परिसर में किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना हेल्पलाइन नंबर 139 पर तुरंत देने का आग्रह किया है। यह आग्रह कल नई दिल्ली के रेल भवन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक के बाद किया गया। बैठक में रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना और रवनीत सिंह बिट्टू के साथ-साथ रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी और देश भर के फील्ड अधिकारी भी उपस्थित थे। मंत्रालय के अनुसार आग लगने की कुछ घटनाओं सहित हाल ही में हुई कई घटनाओं की प्रारंभिक जांच में असामाजिक तत्वों की संलिप्तता की ओर इशारा मिला है।

जनजातीय समुदाय-संवाद-राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं ने जनजातीय समुदाय के लिए आवास, आरोग्य और जन कल्याण के प्रभावी कार्य किए है। उन्होंने कार्यक्रम में जनजातीय लोक कलाकारों द्वारा पारंपरिक लोक नृत्य एवं गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियां को क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया है। राज्यपाल श्री पटेल गुरुवार को पांढुर्णा के ग्राम आमला में आयोजित जनजातीय समुदाय से संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए।

लोक निर्माण विभाग-समीक्षा-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में तेजी से निर्मित हो रही सड़कें नागरिकों को विकास का पूरा लाभ दिलवाने में सहयोगी हैं। इनसे 2 मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों भोपाल और इंदौर-उज्जैन की अर्थव्यवस्था को प्रत्यक्ष लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। भविष्य में जबलपुर और ग्वालियर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र भी अधोसंरचना विकास के प्रयासों से लाभान्वित होंगे। इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन, उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड हाई वे फोर लेन, इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड हाईवे फोर लेन बन जाने से यह सम्पूर्ण क्षेत्र विकास के नए आयामों को स्पर्श करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने  गुरुवार को मंत्रालय में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा कर रहे थे।

सुगम परिवहन सेवा योजना-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नागरिकों को संस्थागत लोक परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना शीघ्र प्रारंभ की जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक ले रहे थे। बैठक में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में, गुजरात टाइटन्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 89 रन से हरा दिया। इसके साथ ही चेन्नई की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। प्रतियोगिता में आज सनराइजर्स हैदराबाद का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। यह मैच हैदराबाद में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

मौसम

अब बात मौसम की। मध्यप्रदेश इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है। लू के थपेड़ो से लोग परेशान हैं। प्रदेश के कई शहरों में तापमान 45 डिग्री से अधिक बना हुआ है। खजुराहो 47.4 डिग्री, नौगांव 46 डिग्री और मंडला 45.6 डिग्री तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर बने हुए हैं। वन विहार नेशनल पार्क में शेर, बाघ और तेंदुओं के लिए कूलर, पर्दे और ग्रीन नेट लगाए गए हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- खंडवा में कल आयोजित किसानों की समस्याओं संबंधी बैठक में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि उद्वहन सिंचाई योजना से अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने के प्रयास किए जाएंगे।
- आगरमालवा में वैज्ञानिक कृषि तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से संचालित चार कृषि रथ विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध करा रहे हैं।
- झाबुआ कलेक्टर डॉ योगेश तुकाराम भरसट ने जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक में अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था और सिक्योरिटी सिस्टम को मजबूत करने के निर्देश दिए।
- पश्चिम मध्य रेलवे ने पुणे और बांद्रा टर्मिनस जाने स्पेशल ट्रेन के रूप में संचालित हो रही दो महत्वपूर्ण ट्रेनों को आगामी 24 मई से नियमित ट्रेन का दर्जा देने नोटिफिकेशन जारी किया है।
- डिंडौरी में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 जून कर दी गई है।
- गुना के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कैरियर काउंसलिंग एवं मोटिवेशनल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- शाजापुर कलेक्टर ऋजु बाफना की अध्यक्षता में कल जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई।

------------